

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
Ist ग्रेड

REET
I, II Level



# CURRENT G.K.
## MCQ QUESTIONS
## 15 September 2022

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 15 सितंबर का इतिहास

- **1931 :** गांधी-इरविन समझौता हुआ।
- **1948 :** स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस में दिल्ली बंबई (अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।
- **2000 :** सिडनी में ओलंपिक खेलों का शुभारंभ हुआ।
- **1959 :** भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरूआत में हुई।
- **1916 :** प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।

## 15 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर से शुरू होने वाली शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। यह शिखर सम्मेलन उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा, चीनी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी शामिल होंगे। इससे पहले चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की फेस टू फेस द्विपक्षीय बैठक ब्राजील के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हुई थी, जिसे नवंबर 2019 में आयोजित किया गया था।
- लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज के बीमा विभाग, लॉर्ड्स मार्क इंश्योरेंस ब्रोकिंग को जीवन और सामान्य बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए आईआरडीएआई से प्रत्यक्ष बीमा ब्रोकिंग लाइसेंस प्राप्त हुआ है। यह विविधीकृत समूह के बीमा क्षेत्र में प्रवेश का प्रतीक है। लॉर्ड्स मार्क इंश्योरेंस ब्रोकिंग ने वित्त वर्ष 23 में 10,000 बीमा ग्राहकों को हासिल करने की योजना बनाई है, जिसके लिए वह दिसंबर तक 5,000 बीमा सलाहकारों को नियुक्त करेगी। यह मेट्रो शहरों के अलावा टियर-2 और टियर-3 शहरों में अंडर सर्व्ड मार्केट सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- आत्मकथा द हीरो ऑफ टाइगर हिल: ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए परम वीर, सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र पुरस्कार विजेता सुबेदार मेजर योगेंद्र सिंह यादव की प्रेरक कहानी के बारे में है। 1999 के कारगिल संघर्ष में उनके कार्यो के लिए। यह आत्मकता सृष्टि पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा प्रकाशित की गई है। सूबेदार मेजर यादव का उनके बारे में लिखित रूप में विचार तब शुरू हुआ जब उन्हें भारत के शीर्ष कॉलेजों में आमंत्रित किया गया, उन्होंने देखा कि उनके सरल लेकिन ईमानदार उत्तरों ने युवा छात्रों पर बहुत प्रभाव डाला।
- श्रीलंका की टीम छठी बार एशिया कप चैंपियन बन गई है। श्रीलंकाई टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 23 रन से हरा दिया। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 170 रन बनाए। भानुका राजपक्षा ने 71 रन की नाबाद पारी खेली।
- भारत में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक एचडीएफसी नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के साथ साझेदारी में इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। इसके पहले यह व्यवस्था कागज आधारित थी जिसे जारी करने में अत्यधिक समय लगता था।
- सौम्या सक्सेना की पुस्तक 'डिवार्स एंड डेमोक्रेसी: ए हिस्ट्री ऑफ पर्सनल लॉ इन पोस्ट-इंडिपेंडेंस इंडिया लॉन्च की। उपनिवेशवाद के बाद युग में तलाक कानूनों ओर विभिन्न धर्मो पर एक नई किताब का इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में विमोचन किया गया। डिवार्स एंड डेमोक्रेसी: ए हिस्ट्री ऑफ पर्सनल लॉ इन पोस्ट-इंडिपेंडेंस इंडिया पुस्तक भारत में पारिवारिक कानून, धर्म ओर लिंग राजनीति के बारे में बात करती है। पुस्तक कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के इतिहास संकाय में एक ब्रिटिश अकादमी फेलो सौम्या सक्सेना द्वारा लिखी गई है, यह पुस्तक तलाक के साथ भारतीय राज्य के कठिन संवाद के बारे में बात करती है, जो बड़े पैमाने पर धर्म के माध्यम से मेल खाता है।
- किंग चार्ल्स III आधिकारिक रूप से ब्रिटेन के नए सम्राट बन गए। 73 वर्षीय चार्ल्स ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद देश के नए राजा घोषित किए गए थे। अब किंग चार्ल्स राष्ट्रमंडल के प्रमुख और यूके के अलावा 14 कॉमनवेल्थ देशों के भी राजा होंगे।
- भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17A के पांचवें स्टील्थ फ्रिगेट को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई में लॉन्च किया गया। इस फ्रिगेट का नाम गढ़वाल में स्थित हिमालय में एक पहाड़ी श्रृंखला के नाम पर तारागिरी रखा गया है। लॉन्च के बाद तारागिरी मझगाँव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड में अपने दो साथी जहाजों के साथ शामिल हो जाएगा। इसके बाद उसे सुसज्जित करके भारतीय नौसेना को सौंप दिया जाएगा।
- लिकिथ वाईपी ने विश्व कौशल प्रतियोगिता 2022 में प्रोटोटाइप मॉडलिंग के कौशल में कांस्य पदक जीता। उन्होंने प्रोटोटाइप मॉडलिंग कौशल में भारत की राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता इंडियास्किल्स 2021 भी जीती है। उन्हें वर्ल्डस्किल्स इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर प्रोटोटाइप मॉडलिंग स्किल के मुख्य विशेषज्ञ भास्कर सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अभियंता दिवस (Engineer's Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 सितंबर (B) 16 सितंबर
(C) 17 सितंबर (D) 18 सितंबर

**(A)** हर साल 15 सितंबर को अभियंता दिवस मोक्षगुंडम विश्वेश्वैरया की जयंती के रूप में मनाया जाता है। अभियंता दिवस की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1968 में सर एम विश्वेश्वैरया की जयंती पर की गई थी। तब से यह दिन उन सभी इंजीनियरों को सम्मानित करने और उन्हें जानने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने एक आधुनिक और विकसित भारत के विकास में योगदान दिया है और आज भी विकास के लिए तत्पर है।




**2. अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस (International Day of Democracy) किस तिथि को मनाया जाता ?**

(A) 14 सितंबर (B) 15 सितंबर
(C) 16 सितंबर (D) 18 सितंबर

**(B)** हर साल 15 सितंबर के दिन अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस खास दिन के लिए 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस में लोगों के बारे में और लोगों के लिए लोकतंत्र की महत्ता याद कराने का अवसर देता है।




**3. हाल ही में भारत के किस राज्य में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का निर्माण किया जाएगा ?**

(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) कर्नाटक (D) राजस्थान

**(A)** पत्तन पोत परिवहन ओर जलमार्ग मंत्रालय गुजरात के लोथल में सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल पर एक राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का निर्माण करेगा। भारत में इस तरह का पहला यह केंद्र भारत की समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करेगा। राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी ने रखी थी और मास्टर प्लान के लिए मार्च 2019 में सहमति दी गई थी।



**4. भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुपालन में विफल रहने पर कितनी संस्थाओं पर जुर्माना लगाया ?**

(A) एक (B) तीन
(C) पांच (D) सात

**(B)** भारतीय रिजर्व बैंक ने इंडस्ट्रियल बैंक ऑफ कोरिया समेत तीन संस्थाओं पर नियामकीय अनुपालन नही करने की वजह से जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि अपने ग्राहक को जाने (केवाईसी) नियमों का पालन नही करने की वजह से इंडस्ट्रयल बैंक ऑफ कोरिया पर 36 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।




**5. विश्व लिंफोमा जागरूकता दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 सितंबर (B) 14 सितंबर
(C) 15 सितंबर (D) 18 सितंबर

**(C)** लिंफोमा एक तरह का ब्लड कैंसर होता है। लिंफोमा एक ऐसा कैंसर होता है जो सबसे पहले इम्यून सिस्टम के लिम्फोसाइट सेल्स में फैलता है। लिम्फोसाइट सेल्स इंफेक्शन से लड़ती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत करती है। ये कोशिकाएं लिम्फ नोड्स, बोन मेरो, स्लीन और थायमस में उपस्थित होती है। लिम्फोमा कैंसर शरीर के अलग-अलग अंगों को प्रभावित करता है।



**6. इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (IOA) कहाँ स्थित है ?**

(A) जयपुर (B) नई दिल्ली
(C) कोलकाता (D) मुंबई

**(B)** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन को दिसंबर तक चुनाव कराने की अंतिम चेतावनी जारी की। इसमें विफल रहने पर विश्व खेल निकाय भारत पर प्रतिबंध लगा देगा। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन भारत में ओलंपिक ओर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए निकाय है। इसकी स्थापना वर्ष 1927 में गई थी।




**7. नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) की स्थापना कब की गई थी ?**

(A) 1953 (B) 1954
(C) 1955 (D) 1956

**(D)** कोविड-19 और खाद्य एवं ईंधन की बढ़ती कीमतों को देखते हुए भारत के लिए 2025 तक $5-ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है। लेकिन नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि बॉटम-अप दृष्टिकोण का पालन करके यह लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।




**8. आभानेरी महोत्सव किस राज्य से संबंधित है ?**

(A) ओडिशा (B) हरियाणा
(C) राजस्थान (D) केरल

**(C)** आभानेरी महोत्सव राजस्थान के सबसे जीवंत समारोहों में से एक है। यह उत्सव वर्ष 2008 में राजस्थान पर्यटन द्वारा शुरू किया गया था। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण कच्ची घोड़ी नृत्य, भवाई नृत्य है। पारंपरिक घाघरा-चोली, चाँदी के बाजूबंद और गले में हार पहने महिलाएं अपने सिर पर बर्तना के ढेर को संतुलित करते हुए नृत्य करती हैं।




**9. द हीरो ऑफ टाइगर हिल शीर्षक वाली आत्मकथा किसने लिखी है ?**

(A) योगेंद्र सिंह यादव (B) मनोज पांडेय
(C) मनोज नरवणे (D) विक्रम बत्रा

**(A)** आत्मकथा द हीरो ऑफ टाइगर हिलः ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए परम वीर सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र पुरस्कार विजेता सूबेदार मेजर (मानद कप्तान) योगेंद्र सिंह यादव की प्रेरक कहानी के बारे में है। 1999 के कारगिल संघर्ष में उनके कार्यो के लिए। यह आत्मकथा सृष्टि पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा प्रकाशित की गई है।




**10. हाल ही में किसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने यूएन मानवाधिकार आयोग का प्रमुख नियुक्त किया है ?**

(A) वोल्कर टर्क (B) सुनील कश्यप
(C) नितिन शर्मा (D) मिशेल बाचेलेट

**(A)** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ऑस्ट्रिया के वरिष्ठ राजनयिक वोल्कर टर्क को वैश्विक निकाय का मानवाधिकार प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने चीन में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के आरोप लगाए है। टर्क ने इस पद पर आसीन रही मिशेल बाचेलेट का स्थान ग्रहण किया है।

